# University in News on 08 January 2022


**NBT PAGE II**

## एलयू में 17 शिक्षकों का प्रमोशन, 11 की हुई भर्ती

एनबीटी, लखनऊः लखनऊ यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को हुई कार्य परिषद की वैठक में 17 शिक्षकों का प्रमोशन और 11 की सीधी भर्ती की गई है। प्रमोशन पाने वालों में विधि विभाग के पांच प्रफेसर, चार असोसिएट प्रफेसर के अलावा व्यापार प्रशासन विभाग के पांच असोसिएट प्रफेसर प्रमुख हैं।

**एलयू कार्य परिषद ने 28 शिक्षकों के लिफाफों पर लगाई मुहर**

विधि विभाग में प्रोन्नत हुए प्रफेसरों में डॉ. विनीता काचर, डॉ. अशोक कुमार सोनकर, डॉ.सतीश चंद्र, डॉ. महेंद्र कुमार और डॉ. राजकुमार हैं। जवकि असोसिएट प्रफेसरों में डॉ.किशोरी लाल, डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, डॉ. राजीव सिंह राठौ और डॉ. हरिश्चन्द्र राम शामिल हैं। इसी तरह, स्टेज तीन के तहत डॉ. वरुण छाछर और डॉ.चंद्रसेन प्रताप सिंह का प्रमोशन हुआ है। स्टेज दो के अंतर्गत डॉ. निहारिका का प्रमोशन किया गया।



वहीं, व्यापार प्रशासन विभाग में जिन पांच असोसिएट प्रफेसर प्रमोट किए गए हैं। इनमें डॉ.मो. अनीस, डॉ. शैलेश कुमार कौशल डॉ., निशांत कुमार, डॉ. अजय प्रकाश और डॉ. रितु नारंग के नाम हैं। कैडर विधि के तहत प्रफेसर के दो और असोसिएट प्रफेसर के चार शिक्षकों को प्रमोशन मिला है। कैडर सांख्य में दो प्रफेसर और दो असोसिएट प्रफेसर की पदोन्नति की गई है। कैडर व्यापार प्रशासन से एक प्रफेसर, असोसिएट प्रफेसर संविदा आईएमएस से एक और एमवीए से एक शिक्षक शामिल हैं।

एलयू प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताविक, एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार ने अपने दो साल के कार्यकाल में अव तक शिक्षकों के भिन्न स्टेज पर कुल 129 प्रमोशन कर दिए हैं। उन्होंने वताया कि सीधी भर्ती में अव तक भौतिक शास्त्र और विधि संकाय में छह-छह शिक्षकों को चयनित किया गया है। इसी तरह, सांख्य में चार, व्यापार प्रशासन में एक, संविदा पर दो के अलावा इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी में विभिन्न पदों पर कुल 10 नियुक्ति की गई हैं। इस तरह सीधी भर्ती में अव तक कुल 29 नियुक्तियां की गई हैं।

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## विद्यानंद त्रिपाठी एलयू के परीक्षा नियंत्रक नियुक्त



**उप कुलसचिव से कुलसचिव पद पर पदोन्नति के बाद मिली तैनाती**

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने राज्य विश्वविद्यालय (केंद्रीयकृत) सेवा के उप कुल सचिव पद से कुलसचिव पद पर पदोन्नत हुए अधिकारियों को नई तैनाती दे दी है। इसके तहत लखनऊ विवि के उप कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी को इसी विवि में परीक्षा नियंत्रक के पद पर तैनात किया है।

वहीं लखनऊ विवि के उप कुलसचिव वीरेंद्र प्रसाद कौशल को आजमगढ़ राज्य विवि में कुलसचिव, जननायक चंद्र शेखर विवि बलिया के उप कुलसचिव महेश कुमार को राजा महेंद्र प्रताप सिंह विवि अलीगढ़ में कुलसचिव, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि की उप कुल सचिव अर्चना जौहरी को संपूर्णानंद संस्कृत विवि वाराणसी में परीक्षा नियंत्रक और डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विवि अयोध्या के उप कुलसचिव विनय कुमार सिंह को बुंदेलखंड विवि झांसी में कुलसचिव के पद पर स्थानांतरित किया गया है। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विवि जौनपुर के उप कुलसचिव वीरेंद्र कुमार मौर्य का तबादला मां शाकुंभरी विवि सहारनपुर के कुलसचिव पद पर किया गया है। लखनऊ विवि की उप कुलसचिव भावना मिश्रा का तबादला ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि में परीक्षा नियंत्रक के पद पर किया गया है। (माई सिटी रिपोर्टर)

## लविवि को मिले 11 शिक्षक

माई सिटी रिपोर्टर

**तीन विभागों के 17 शिक्षकों का हुआ प्रमोशन, कार्य परिषद की आकस्मिक बैठक में खुले लिफाफे**

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय को शुक्रवार को 11 और नए शिक्षक मिले, जबकि तीन विभागों के 17 शिक्षकों का प्रमोशन भी हुआ। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में कार्य परिषद की आकस्मिक बैठक में इनके लिफाफे खोले गए। विश्वविद्यालय द्वारा पिछले दिनों विधि, मैनेजमेंट व स्टेटिसटिक्स विभाग की प्रमोशन कमेटियों का आयोजन किया था।

वहीं, विधि और मैनेजमेंट में नए शिक्षकों की नियुक्ति की भी कमेटी हुई थी, जिस पर आज कार्य परिषद की मुहर लगी। विश्वविद्यालय प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने अपने दो साल के कार्यकाल में कैरियर एडवांसमेंट योजना के तहत विभिन्न शिक्षकों के अलग-अलग स्टेज पर कुल 129 प्रमोशन किए। जबकि भौतिक विज्ञान में 06, विधि में 06, सांख्यकी में 04, व्यापार प्रशासन में 01 व संविदा पर 02 शिक्षकों सहित कुल 19 शिक्षकों की भर्ती भी की। सीधी भर्ती में इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में विभिन्न पदों पर कुल 10 नियुक्ति हुई। इस प्रकार सीधी भर्ती में अब तक कुल 29 नियुक्तियां हुई हैं। बता दें कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने अभी तक लगभग 10 विभागों की हाल में कमेटियां की हैं। शिक्षकों की मांग है कि अन्य विभागों की भी प्रक्रिया जल्द पूरी की जाए।

## प्रो. पूनम टंडन परामर्श समिति में

लखनऊ। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर में 11 सदस्यीय नई शिक्षा नीति क्रियान्वयन समिति का गठन किया गया है। कमेटी में लखनऊ विश्वविद्यालय की डीएसडब्ल्यू व फिजिक्स की प्रोफेसर पूनम टंडन भी शामिल हैं। बता दें कि लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने यहां पीजी व यूजी में सबसे पहले एनईपी लागू किया है। (माई सिटी रिपोर्टर)

**PIONEER PAGE 3**

## एलयू कार्यपरिषद की सीएएस के तहत शिक्षकों के प्रमोशन पर मुहर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शिक्षकों के** खाली पदों को भरने के लिए पिछ्ले काफी समय से चल रही चयन प्रक्रिया के नतीजे शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय ने घोषित कर दिए हैं। विवि के विभिन्न विभागों में 13 शिक्षकों की भर्ती की गई है। इनमें 11 स्थायी नियुक्तियां हैंए वहीं 2 एसोसिएट प्रोफेसर संविदा पर भर्ती किए गए हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई कार्यपरिषद की बैठक का यही एक सूत्रीय एजेंडा था। इसके अलावा कॅरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत 17 शिक्षको को प्रमोशन भी दिए गए हैं। विधि विभाग में पांच शिक्षकों कों प्रोफेसर पद पर प्रोन्नत किया गया है। इनमें डॉ विनीता काचरए डॉ अशोक कुमार सोनकर डॉ सतीश चंद्र डॉ महेंद्र कुमार डॉ राजकुमार शामिल हैं। वहीं चार शिक्षक एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर प्रमोट हुए हैं। इनमें डॉ किशोरी लाल डॉ अनुराग श्रीवास्तव डॉ राजीव सिंह राठी डॉ हरिश्चंद्र राम के नाम शामिल हैं। स्टेजण3 में डॉ वरुण छाछर और डॉ चंद्रसेन प्रताप सिंह को प्रमोशन मिला है। वहीं स्टेजण् 2 में निहारिका को प्रमोशन मिला है। बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग में डॉ मो अनीस डॉ शैलेश कुमार कौशल डॉ निशांत कुमार डॉ अजय प्रकाश और डॉ रितु नारंग को प्रमोशन मिला है।

**HINDUSTAN PAGE 7**

## 17 शिक्षकों को प्रमोशन, 13 नई भर्ती

लखनऊ | विशेष संवाददाता

**एलयू**

- कार्यपरिषद बैठक में की गई घोषणा
- शिक्षकों के खाली पदों को भरने की कवायद
- कॅरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत दिए गए प्रमोशन



लखनऊ विश्वविद्यालय में शिक्षकों के खाली पदों को भरने के लिए पिछले काफी समय से चल रही चयन प्रक्रिया के नतीजे शुक्रवार को घोषित किए गए। विभिन्न विभागों में 13 शिक्षकों की भर्ती की गई है। इनमें 11 स्थायी नियुक्तियां हैं, वहीं 2 एसोसिएट प्रोफेसर संविदा पर भर्ती किए गए हैं। शुक्रवार को हुई बैठक का यही एक सूत्री एजेंडा था।

कॅरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत 17 शिक्षकों को प्रमोशन भी दिए गए हैं। विधि विभाग में पांच शिक्षकों कों प्रोफेसर पद पर प्रोन्नत किया गया है। इनमें डॉ. विनीता काचर, डॉ. अशोक कुमार सोनकर, डॉ. सतीश चंद्र, डॉ. महेंद्र कुमार, डॉ. राजकुमार शामिल हैं। वहीं चार शिक्षक एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर प्रमोट हुए हैं। इनमें डॉ. किशोरी लाल, डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, डॉ. राजीव सिंह राठी, डॉ. हरिश्चन्द्र राम के नाम शामिल हैं।

**11** स्थायी नियुक्तियां हैं, वहीं 2 एसोसिएट प्रोफेसर संविदा पर भर्ती किए गए हैं।

स्टेज-3 में डॉ. वरुण छाछर और डॉ. चंद्रसेन प्रताप सिंह को प्रमोशन मिला है। वहीं स्टेज- 2 में निहारिका को प्रमोशन मिला है। बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग में डॉ. मो. अनीस, डॉ. शैलेश कुमार, डॉ. निशांत कुमार, डॉ. अजय प्रकाश और डॉ. रितु नारंग को प्रमोशन मिला है।

**नई नियुक्तियों की संख्या**

- विधि कैडर- दो प्रोफेसर, चार एसोसिएट प्रोफेसर।
- साख्यिकी कैडर- दो प्रोफेसर, दो एसोसिएट प्रोफेसर।
- व्यापार प्रशासन कैडर- एक प्रोफेसर।
- एसोसिएट प्रोफेसर संविदा- आईएमएस में एक और एमबीए में एक भर्ती।
- बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग में पांच लोगों को प्रमोशन

**i-NEXT PAGE 2**

## 129 शिक्षकों को मिला प्रमोशन

**LUCKNOW (7 Jan Inext): लखनऊ यूनिवर्सिटी में शिक्षकों के खाली पदों को भरने के लिए चल रही चयन प्रक्रिया के नतीजे शुक्रवार को घोषित किए गए. विभिन्न विभागों में 13 शिक्षकों की भर्ती की गई, इनमें 11 स्थायी नियुक्तियां हैं, वहीं 2 एसोसिएट प्रोफेसर संविदा पर भर्ती किए गए हैं. करियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत 17 शिक्षको को प्रमोशन दिया गया है. लॉ विभाग में 5 शिक्षकों कों प्रोफेसर पद पर प्रोन्नत किया गया. वहीं चार शिक्षक एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर प्रमोट हुए हैं. स्टेज-3 में डॉ. वरुण छाछर और डॉ. चंद्रसेन प्रताप सिंह को प्रमोशन मिला है. वहीं स्टेज-2 में निहारिका को प्रमोशन मिला है.**

**JAGRAN CITY PAGE III**

## 17 शिक्षकों की प्रोन्नति, 13 की नियुक्ति को स्वीकृति

**लवि में कार्य परिषद की बैठक**

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) में शुक्रवार को कुलपति प्रो. आलोक राय की अध्यक्षता में कार्य परिषद की बैठक हुई। करियर एडवांसमेंट योजना के तहत 19 शिक्षकों की प्रोन्नति और 13 की नियुक्ति के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कुलपति के दो साल के कार्यकाल में 129 शिक्षकों की प्रोन्नति की जा चुकी है। इसके अलावा सीधी भर्ती में 29 शिक्षक नियुक्त हुए हैं।

**अ़ा इनकी हुई पोन्नति- विधि विभाग** : प्रोफेसर पद पर डा. विनीता काचर, डा. अशोक सोनकर, डा. सतीश चंद्र, डा. महेंद्र कुमार, डा. राजकुमार। एसोसिएट प्रो. पद पर डा. किशोरी लाल, डा. अनुराग श्रीवास्तव, डा. राजीव सिंह राठौ, डा. हरिश्चंद्र राम। स्टेज थ्री में डा. वरुण छाछर, डा. चंद्रसेन प्रताप सिंह और स्टेज-2 में निहारिका शामिल हैं।

**व्यापार प्रशासन विभाग** : एसोसिएट प्रो. पद पर डा. मो. अनीस, डा. शैलेश कुमार कौशल, डा. निशांत कुमार, डा. अजय प्रकाश, डा. रितु नारंग।

**यहां सीधी भर्ती-** विधि संकाय में प्रोफेसर दो, एसोसिएट प्रो. चार, सांख्यिकी विभाग में दो प्रो., दो एसोसिएट प्रो., व्यापार प्रशासन में एक प्रो., आइएमएस, एमबीए (संविदा) में एक-एक पद पर चयन।

### 10 तक छात्र-छात्राओं का मांगा विवरण

लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक, परास्नातक के उन विद्यार्थियों का विवरण मांगा है, जिनका नाम टैबलेट और स्मार्टफोन के लिए चयनित सूची में शामिल होने के बाद भी नहीं मिला। ऐसे विद्यार्थियों को गूगल फार्म forms.gle/jwazdlpjfgzsyng पर 10 जनवरी तक ब्योरा उपलब्ध कराना होगा, जिससे उन्हें टैबलेट और स्मार्टफोन वितरण किया जा सके।

### खेल टीम का चयन 10 से

लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्पोर्ट्स टीम चयन के लिए ट्रायल की तिथि तय कर दी है। 10 जनवरी को दोपहर दो बजे विश्वविद्यालय के प्रांजिपे ग्राउंड में हाकी (पुरुष) टीम के चयन का ट्रायल होगा। 11 को सुबह नौ बजे केडी सिंह स्टेडियम में टेनिस (पुरुष) अभ्यर्थियों को पहुंचना होगा।